# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2026-27)

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा-दसवीं** | **विभाग: हिंदी** | **Date – 07.09.26** |
| **RT-2**<br>**पुनरावृत्ति परीक्षा -2** | **विषय: व्याकरण** | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम: ______________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ______**

**खंड -ख -व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)**

**प्रश्न 1.पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4×1=4**

(क) '<u>सबसे तेज़ दौड़ने वाली</u> श्रेया आज दौड़ में हिस्सा नहीं ले रही ।'- रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(ख)किसी वाक्य में सर्वनाम पदबंध की पहचान कैसे की जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(घ)'राज कपूर ने सभी फ़िल्मों में बड़े उत्साहपूर्वक काम किया ।'-क्रिया विशेषण पदबंध छाँटिए ।

(ङ) राहुल मैदान में <u>खेल रहा होगा</u> ।-रेखांकित पदबंध का भेद बताइए-

**प्रश्न 2. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद & रूपांतरण'-पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4×1=4**

(क) 'शिक्षक के समझाने पर छात्र मान गए ।'-संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए-

(ख) संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं?

(ग) 'एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दर्ज़ा पास करके नायब तहसीलदार बन जाते थे ।' वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए -

(घ) 'जब वर्षा हुई तब मोर नाचने लगा ।'-सरल वाक्य में बदलिए ।

(ङ) जो मेहनत करेग्ग वह सफल होगा ।-आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए ।

**प्रश्न 3. समास पर आधारित <u>पाँच</u> प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 4×1=4**

(क) कर्मधारय समास की विशेषता स्पष्ट करते हुए एक उदाहरण दीजिए-

(ख) '<u>चार भुजाओं का समूह</u>' विग्रह का सही समस्तपद तथा समास का नाम लिखिए:

(ग) 'कलानिपुण'-समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

(घ) अव्ययीभाव समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए-

(ङ) 'पाप-पुण्य' समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

**प्रश्न 4.मुहावरे पर आधारित <u>पाँच</u> प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 4×1=4**

(क) ठाकुरबारी के महंत और हरिहर काका के भाई, काका की ज़मीन पर ______________ लगाए बैठे थे। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए: –

(ख) 'भयभीत होना' किस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता है?

(ग) 'इससे लोगों को आशा होने लगी कि शायद पुलिस अपना रंग न दिखलावे I'-इस पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए I

(घ)हम तो सुबह 9 बजे से आपकी ____________________ रहे हैं I- उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए: –

(ङ) वह पहले से ही दुखी है, फिर तुम क्यों पुरानी बातें याद करवाकर उसके_________रहे हो ?